नवम्बर में प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर उद्योग विभाग ने शुरू की तैयारी, विकास को लगेंगे पंख

# गीडा में होगा 12 हजार करोड़ का निवेश

**अच्छी खबर**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** नवम्बर महीने में आयोजित होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले गोरखपुर में 12000 करोड़ से अधिक का निवेश धरातल पर होगा। अभी तक 108 यूनिटों में 4300 करोड़ का निवेश हो चुका है। अगस्त महीने में धुरियापार में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में अदाणी, केयान और श्री सीमेंट की तरफ से 6000 करोड़ के प्रोजेक्ट का शिलान्यास प्रस्तावित है।

वर्ष 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में गोरखपुर में एक लाख 44 हजार रुपये के निवेश को लेकर एमओयू हुआ था। इसमें 433 कंपनियों ने प्रदेश सरकार से एमओयू किया था। इनमें से 108 यूनिटों में कमर्शियल प्रोडक्शन चालू हो चुका है। 4300 करोड़ से चालू इन यूनिटों में 9400 से अधिक युवाओं को रोजगार मिला है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण से लेकर उद्योग विभाग की तरफ से अधिक से अधिक एमओयू को धरातल पर उतारने को लेकर तेजी दिख रही है। गीडा की ओर से विकसित की जा रही धुरियापार औद्योगिक टाउनशिप में बड़ी यूनिटों के लिए भूखंडों का आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अदाणी, श्री सीमेंट, केयान समेत जिन पांच यूनिटों की डीपीआर गीडा को मिल गई है, उनमें से तीन को आवंटन में प्राथमिकता मिल सकती है। 3 अगस्त के बाद जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीनों यूनिटों का भूमि पूजन और शिलान्यास 15 अगस्त के बाद हो सकता है। बता दें कि अदाणी समूह ने सीमेंट फैक्ट्री के लिए दो चरणों में कुल 65 एकड़ भूमि की मांग की है। केयान समूह ने 170 एकड़ जमीन मांगी है और 4200 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। श्री सीमेंट की ओर से भी 50 एकड़ भूमि की मांग की गई है। तीनों मेगा प्रोजेक्ट में 6000 करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्तावित है।

**6000** हजार करोड़ का निवेश
धुरियापार की तीन यूनिटों में होगा

**20** करोड़ तक के निवेश से 108 यूनिटों की स्थापना
की गई पिछले एक साल में

**15** अगस्त के बाद कभी भी अदाणी, केयान की यूनिट का हो
सकता है शिलान्यास



ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी तक एमओयू वाले 258 प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने का लक्ष्य है। इनमें से 108 यूनिटों में कमर्शियल उत्पादन शुरू हो गया है। जिन फर्म से एमओयू किया गया है, सभी से वार्ता कर उन्हें सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। अक्तूबर तक लक्ष्य हासिल करने का प्रयास है।
**-गौरव मिश्रा,** उपायुक्त उद्योग



## सुथनी में चारकोल उत्पादन के लिए प्री-प्रोसेसिंग प्लांट का ट्रायल शुरू

**गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।** सुथनी में 40 एकड़ के निर्माणाधीन गोरखपुर इंटीग्रेटेड गारबेज सिटी में 500 टन प्रतिदिन की क्षमता के चारकोल बनाने के प्लांट का प्री-प्रोसेसिंग प्लांट का बुधवार को पुनः ट्रायल शुरू हुआ। नगर निगम और चयनित फर्म की निगरानी में दोपहर 2 बजे से शुरू हुए ट्रायल के 5.58 बजे के करीब ट्रांसफर का फ्यूज उड़ जाने से अवरोध आ गया। तकरीबन एक घंटे के अवरोध के बाद पुनः ट्रायल शुरू कराया गया। अगले दो दिन में चारकोल के उत्पादन के लिए रियेक्टर सेल का लोड के साथ ट्रायल शुरू होगा। 15 एकड़ में 255 करोड़ रुपये की लागत की इस परियोजना में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पिट (एमएसडब्ल्यू पिट) भी बना है। मुख्य अभियंता अमित शर्मा ने बताया कि एक बार पुनः चारकोल प्लांट का ट्रायल बुधवार से शुरू किया गया है जिसमें प्री प्रोसेसिंग प्लांट की खामियां को चिन्हित किया जा रहा।

## धूल प्रबंधन-हरियाली के लिए 9.86 करोड़ के कार्य स्वीकृत

**गोरखपुर।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नगर निगम में सिटी लेवल इंप्लीमेंटेशन कमेटी की बैठक में तीन स्थानों पर सड़क सुधार एवं तीन स्थानों पर ग्रीन बेल्ट विकसित किए जाने की कार्ययोजना को स्वीकृति दी गई। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में इन कार्यों के लिए ₹9.86 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई। जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर काम भी शुरू किया जाएगा। वार्ड संख्या 20 लच्छीपुर नौरंगाबाद में 52.75 लाख रुपये से एण्ड टू एण्ड पेविंग किया जाएगा। वार्ड संख्या 06 में देवरिया बाइपास रोड की विभिन्न गलियों में 2.85 लाख रुपये से और वार्ड सख्या 66/41 में सिधारीपुर तिराहा से पावर हाउस होते हुए पुल के नीचे तक 3.23 करोड़ से एण्ड टू एण्ड पेविंग किया जाएगा। वहीं 88.85 लाख रुपये से राजेंद्रनगर मोड़ से डीआर केमिकल होते हुए बरगदवा चौराहा तक ग्रीन बेल्ट विकसित की जाएगी। वहीं 9.49 लाख रुपये से सोनौली मुख्य मार्ग लगन पैलेस के निकट लैंडस्केपिंग का काम किया जाएगा।